**BSGUK/SHQ/COVID-19/Stay Home/446/2020** **Date- 28/04/2020**


INDIA FIGHTS COVID-19
Corporate contributions to PM-CARES

## भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, उत्तराखण्ड, राज्य मुख्यालय विवरण/पत्रसार

**कोविड–19 या कोरोना वाइरस महामारी** पूरे विश्व व मानव जाति के लिए विकट परिस्थितियों का एक अनूठा समुच्चय लेकर आया है, यह बहुत ही संक्रामक व भयावह है और यह मानव द्वारा मानव स्पर्श से फैलता है। इसका कोई ईलाज व टीका वर्तमान तक विकसित नहीं हो पाया है। चूंकि यह मानव स्पर्श से फैलता है इसका एकमात्र समाधान संक्रमित व्यक्ति को अन्य व्यक्तियों के सम्पर्क में आने से रोकना है। इसलिए जनता के बीच सामाजिक सम्पर्क को रोकना अब तक का एकमात्र विकल्प है। अतएव सरकार द्वारा पूरे देश में **पूर्ण लॉकडाउन** को लागू किया गया है।

**लॉकडाउन** अपने आप में आम जनता के लिए दिन प्रतिदिन के कार्यालय व घरेलू कार्य करने हेतु एक चुनौती के रूप में सामने आया है चूंकि सरकार द्वारा जारी सलाह एवं मानकानुसार **एक जगह में एकत्र होना, पर्याप्त एवं अनावश्यक रूप से घर से बाहर जाने** पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर **सामाजिक दूरी बनाये रखना** अनिवार्य कर दिया गया है। अतएव **भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, उत्तराखण्ड, प्रादेशिक मुख्यालय** ने राज्य भर में अपने सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों से संपर्क में रहने के लिए **ऑनलाइन/आभासी** तरीकों का उपयोग करने का निर्णय लिया है।

**भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, उत्तराखण्ड, प्रादेशिक मुख्यालय** कार्यात्मक है और अपने संगठन व प्रशिक्षण विभाग के माध्यम से अपनी विभिन्न गतिविधियां चला रहा है। प्रादेशिक मुख्यालय नियमित रूप से अपने प्रांदेशिक मुख्यालय कार्यालय के कर्मचारियों एवं इसके जिला अधिकारियों नामतः **जिला सचिव, डी0ओ0सी0(स्काउट/गाइड) एवं डी0टी0सी0(स्काउट/गाइड)** नियमित रूप से **ऑनलाइन/आभासी** माध्यम से दिन–प्रतिदिन की गतिविधियों के विभिन्न आंकडों को साझा करने वाले पहलुओं पर चर्चा करते है।



### प्रादेशिक मुख्यालय प्रशिक्षण विभाग–

प्रादेशिक मुख्यालय राज्य में **पूर्ण लॉकडाउन** के होते हुए भी सुचारू रूप से कार्य कर रहा है एवं ऑनलाइन गतिविधियों का संचालन कर रहा है। जिसमें सर्वप्रथम **प्रशिक्षण विभाग** के द्वारा **बिगिनर्स कोर्स** का प्रशिक्षण जनपद स्तर पर करवाना सामिल है। यह प्रशिक्षण **दिनांक 20/04/2020 से 22/04/2020** तक जनपद स्तर पर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था। इस कोर्स को सफलतापूर्वक **प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) श्री राम सिंह नेगी** के तत्वावधान में पूरा किया गया। उन्हे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में **श्री बी0एस0बिष्ट (एस0ओ0सी0, स्काउट), श्रीमती अंजलि चंदोला (एस0ओ0सी0, गाइड), श्री पुरूवेन्द्र कुमार, श्रीमती सुमेघा आहुजा एवं सुश्री बिमला पन्त** द्वारा सहयोग प्राप्त हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड राज्य के **34 प्रतिभागियों** ने प्रतिभाग किया एवं इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस तरह के और अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन/आयोजन की मांग अन्य जिलो से की गयी है। उक्त कार्यक्रम की सफलता को ध्यान में रखते हुये प्रादेशिक मुख्यालय के प्रशिक्षण विभाग ने पूर्वोक्त पाठ्यक्रम का और अधिक प्रशिक्षण आयोजन करने का निर्णय लिया है।

## प्रादेशिक मुख्यालय संगठन विभाग–

**लॉकडाउन** की वर्तमान स्थिति को देखते हुये **प्रादेशिक मुख्यालय** का **संगठन विभाग** भी सक्रिय रूप से सभी संभावित कार्यक्रमों को आगे बढा रहा है। जिसमें संस्था के **युवाओं, स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर** के लिए **वाद–विवाद प्रतियोगिता** का आयोजन जनपद स्तर पर किया गया। जिसका विषय वर्तमान में चल रहे **कोविड–19 महामारी** के तहत लागू लॉकडाउन में **''पूर्ण लॉकडाउन व आंशिक लॉकडाउन''** अधिक तर्कसंगत कदम कौन सा है? है। वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन **प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री बिरेन्द्र सिंह बिष्ट एवं प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) श्रीमती अंजलि चंदोला** के तत्वाधान में आयोजित की गयी थी।

इस वाद–विवाद प्रतियोगिता के सहायक पैनल के प्रतिष्ठित सदस्यों में **श्री आर0एस0 नेगी, डॉ0 बी0सी0 जोशी, डॉ0 सुरेन्द्र सिंह मेहरा, डॉ0 जे0सी0 नेगी, श्रीमती कल्पना धामी, सुश्री निर्मला बिनवाल, श्रीमती कविता नौटियाल, डॉ0 अजय शेखर बहुगुणा एवं श्री सनवर अली** सम्मिलित थे। यह प्रतियोगिता **दिनांक 23/04/2020 से 25/04/2020** तक आयोजित की गयी थी। वाद–विवाद प्रतियोगिता हेतु प्रतिदिन **03 सत्र** निर्धारित किये गये थे और प्रत्येक सत्र अधिकतम अवधि **40 मिनट** थी एवं प्रत्येक प्रतिभागी को वाद–विवाद हेतु अधिकतम **04 मिनट** का समय आंवटित किया गया था। इस प्रतियोगिता में प्रदेश से कुल **49 प्रतिभागियों** द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। जिसमें उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों से **10 स्काउट्स, 16 गाइड्स, 14 रोवर्स एवं 09 रेंजर्स** ने प्रतिभाग किया।

## स्काउट टिफिन–





**भारत स्काउटस एवं गाइड्स, उत्तराखण्ड** ने प्रादेशिक मुख्यालय के कार्यालय परिसर में **प्रवासी मजदूरों एवं कमजोर वर्ग** के लिए **किचन/स्काउट टिफिन** की व्यवस्था की गयी है एवं पके हुये भोजन के पैकैट तैयार कर स्थानीय/निकटतम धार चौकी को नियमित रूप से भेजा जा रहा है जहां से भोजन को जरूरतमंदो के वितरण हेतु स्थानीय प्रशासन अपनी भूमिका निभा रहा है। **भारत स्काउटस एवं गाइड्स, उत्तराखण्ड, 55 राजपुर रोड, देहरादून प्रादेशिक मुख्यालय** में परिसर की **स्वच्छता एवं सामाजिक दूरी** का पालन सरकार द्वारा निर्देशित नियमों व मानदंडो के अनुरूप किया जा रहा है तत्पश्चात् भोजन बनाने संबंधी प्रक्रिया को संचालित किया जा रहा है।

**स्काउट टिफिन** की शुरूवात दिनांक **20/04/2020** से कुल **30 भोजन पैकट** वितरण से हुयी जो कि **दिनांक 26/04/2020** तक कुल **50 तैयार भोजन पैकट** प्रतिदिन की संख्या तक पहुंच गयी है। व्यंजन सूची में आलू–पूरी, वैज बिरयानी आदि को सम्मिलित किया जा रहा है। भोजन सामाग्री हेतु राशन व अन्य का क्रय स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा मान्यता प्राप्त **डिपोट एवं डिस्ट्रीब्यूशन इक्यूपमेन्ट स्टोर** के मैनेजर **श्री महेन्द्र सिंह** के अधीन की जा रही है। खाना पकाने, स्वच्छता एवं सामाजिक दूरी जैसे सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों को सुनिश्चित करने के साथ–साथ, स्थानीय प्रशासन को भोजन पैकेट वितरण संबंधी व्यवस्था प्रादेशिक मुख्यालय के **प्रशासनिक अधिकारी श्री बी0एस0 रावत** द्वारा सुनिश्चित की





जा रही है। प्रादेशिक मुख्यालय ने भोजन बनाने एवं उस से संबंधी औपचारीकताओं को सुचारू रूप से चलाने हेतु **02 कर्मचारियो** को प्रतिनियुक्त किये जाने के साथ ही **02 स्वयंसेवको** को सहायतार्थ प्रतिनियुक्त किया है एवं साथ ही समान स्वयंसेवको को लगातार दिनों तक प्रतिनियुक्त नहीं किया जाता है।

**प्रादेशिक मुख्यालय** के परिसर को नियमित आधार पर स्वच्छ किया जाता है ताकि परिसर किसी भी किटाणुओं से मुक्त रह सके। चूंकि भोजन पकाने की व्यवस्था मुख्यालय के परिसर में कि गयी है अतएव भोजन तैयार होने से पहले एवं उसके पश्चात परिसर की उचित सफाई की जाती है।






## भारत स्काउटस एवं गाइड्स, उत्तराखण्ड (प्रोदशिक कैम्पिंग सैन्टर, भोपालपानी, रायपुर)—

यद्यपि **प्रोदशिक कैम्पिंग सैन्टर, भोपालपानी, रायपुर** में वर्तमान में **कोविड—19** के कारण कोई भी कैम्पिंग गतिविधियां नही चल रही हैं लेकिन कैम्पिंग सैन्टर के **आन्तिरिक केयरटेकर श्री चन्दन लाल** द्वारा सकिय रूप से आवश्यक रखरखाव कार्य, **स्वच्छता एवं नियमित रूप से फौगिंग** जैसे कार्य किये जा रहे है।





## उत्तराखण्ड राज्य में जनपद स्तर पर नोडल अधिकारियों के गठन के संबंध में–

सरकार के सहायतार्थ **भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, उत्तराखण्ड** ने समस्त जनपद के **जिला सचिवों** को **नोडल अधिकारी** नियुक्त किया है और **समस्त नोडल अधिकारीयों** के नाम व सम्पर्क नम्बर राज्य सरकार को भेज दिये गये हैं जिन्हे **एस0डी0आर0एफ0 मुख्यालय** को राज्य सरकार द्वारा अग्रसर कर दिया गया है। **एस0डी0आर0एफ0** ने जिले स्तर पर समन्वय के लिये उक्त **नोडल अधिकारीयों** के नाम व सम्पर्क नम्बर अपने **जिला मुख्यालय** को सौंप दिये है। ये नोडल अधिकारी **कोविड–19** के खिलाफ चल रहे प्रशिक्षण के लिए जिला स्तर पर **एस0डी0आर0एफ0** के साथ समन्वय प्रशिक्षण में प्रतिभाग भी कर रहे हैं।

## कोविड–19 के खिलाफ किये गये सराहनीय कार्यों हेतु प्रमाण पत्र–

**प्रादेशिक मुख्यालय** ने उन समस्त स्वयंसेवको को प्रमाण पत्र प्रदान करने का निर्णय लिया है जिन्होने **कोविड–19** के खिलाफ लडने के लिए एक अनुकरणीय योगदान व प्रयास किया है। प्रादेशिक मुख्यालय ने ऐसे यो़द्धाओं को **तीन वर्गो** में सम्मानित करने हेतु **कैटेगरी A, B एवं C डिजिटल प्रमाण** पत्र प्रदान करने का निर्णय लिया है। **संगठन विभाग** द्वारा **प्रमाणपत्र A एवं C** अथवा **प्रशिक्षण विभाग द्वारा B प्रमाणपत्र** संबंधित व्यक्तियों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों व योगदान के लिए दिया जायेगा। प्रादेशिक मुख्यालय द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि उन व्यक्तियों, संगठनों व सोसाइटीज को भी सम्मानित किया जायेगा जो स्काउट एवं गाइड की पृष्ठभूमि से नहीं आते हैं, वे किसी भी अन्य पृष्ठभूमि जैसे पुलिस बल, पैरामिलिट्री, रेड कॉस व कोई अन्य व्यक्ति हो सकते है जिन्होने **कोविड–19 महामारी** के खिलाफ लडने में योगदान दिया हो। व्यक्तियों को उनके प्रयासों की मान्यता के आधार पर प्रमाण पत्र वितरित किये जायेंगे।

## जनपदों की भूमिका–

**भारत स्काउटस एवं गाइड्स जनपद संस्थाऐं** भी विभिन्न गतिविधियों में लगे हुए है जैसे जिला प्रशासन को जरूरतमंदो हेतु **भोजन व्यवस्था करना और वितरित करना, शुष्क राशन की व्यवस्था व वितरण, मास्क निर्मित कर सामान्य लोगों तक पहुचाना, आम जन के बीच जागरूकता अभियान के माध्यम से सामाजिक दूरी, सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता, मास्क पहनने को प्रेरित करना** आदि के प्रति जागरूक करना सामिल है। समस्त जिला संस्थाओं ने संबंधित जिला प्रशासन एवं स्थानीय जनता की सहायता में सक्रिय रूप से कार्य किया है।




**समस्त 13 जनपद व 01 नॉन रेवन्यू जनपद, अल्मोडा, बागेश्वर, चमोली, चंपावत, देहरादून, नैनीताल, हरिद्वार, पौडी गढवाल, पिथौरागढ, रूद्रप्रयाग, टिहरी, उधमसिंह नगर, उत्तरकाशी एवं शांतिकुंज** अपने–अपने स्थानीय प्रशासन के साथ सक्रिय रूप से सहयोग प्रदान कर रहे है।

जनपद स्तर स्तर पर किये गये वभिन्न सेवाकार्यों का विश्लेषण नीचे दर्शाये गये चित्रों के माध्यम से
















55, Rajpur Road, Dehradun(U.K.), Telefax- 0135-2712321, Email- bsguttarakhand@gmail.com,
Website- www.bsguttarakhand.org, Youtube Channel- BSG Uttarakhand





























POLICE
पुलिस
UA.04.E.5530



















''स्टे होम स्टे सेफ''

''स्काउट भावनाओं सहित''

## CORONAVIRUS SAFETY

Follow these easy steps to help prevent the spread of COVID-19.




भवदीय

(अरूण राई)
सहायक लोक संम्पर्क अधिकारी
भा0स्का0एवंगा0, उत्तराखण्ड
प्रादेशिक मुख्यालय